# प्रसार भारती
# भारतीय प्रसारण निगम
# आकाशवाणी केन्द्र शिमला
# 22.08.2026 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

## मुख्य समाचार

- विधानसभा के मॉनसून सत्र का दूसरा दिन भी रहा हंगामेदार— राष्ट्रीय गीत और राष्ट्र गान को लेकर सत्ता पक्ष व विपक्ष ने लगाए आरोप।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा— जलशक्ति विभाग में जल्द भरे जाएंगे मल्टी टास्क वर्कर्ज़ के 4 हज़ार पद।
- प्रदेश में प्राकृतिक आपदा से प्रभावित एक हज़ार 8 सौ 71 परिवारों को मिली राहत राशि— एक हज़ार 2 सौ 60 परिवारों को अभी तक नहीं मिला मुआवजा।
- राज्य पथ परिवहन निगम के धर्मशाला डिपो में संचालित इलेक्ट्रिक बसें बनीं बेहतर प्रदर्शन और आर्थिक बचत का ज़रिया।
- प्रदेश के 6 ज़िलों में आज कुछ स्थानों पर भारी वर्षा का यलो अलर्ट— कल मौसम के साफ रहने की संभावना।

## हंगामा

शिमला में चल रहे विधानसभा के मानसून सत्र के दूसरे दिन भी सदन में आज राष्ट्रीय गीत और राष्ट्रगान के अपमान के मुद्दे पर गतिरोध जारी रहा। सत्ता पक्ष और विपक्ष के विधायकों ने इस मुद्दे को लेकर एक—दूसरे पर आरोप—प्रत्यारोप लगाए। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे विशेष संवाददाता.....

**प्रदेश विधानसभा के मॉनसून सत्र का दूसरा दिन भी हंगामेदार रहा और सत्र के 2 दिनों में करीब 2 घंटे 15 मिनट ही सदन की कार्यवाही चल सकी। प्रश्नकाल के बाद शून्यकाल शुरू होते ही नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्वाइंट ऑफ ऑर्डर के तहत बीते रोज वंदे मातरम और राष्ट्रीय गान को लेकर हुए कथित अपमान का मुद्दा उठाया, जिस पर सत्ता पक्ष व विपक्ष में तीखी नोंकझोक और नारेबाजी हुई। जयराम ठाकुर ने कहा कि सरकार चर्चा से भाग रही है, जबकि विपक्ष सदन की कार्यवाही को चलाना चाहता है। उन्होंने कहा कि वे विधानसभा अध्यक्ष के पास अपनी बात रख रहे हैं और भाजपा विधायक दल की मांग है कि अगर सरकार राष्ट्रगान के अपमान की बात कर रही है, तो इसकी वीडियो को सार्वजनिक किया जाना चाहिए। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि राष्ट्र गान का कोई अपमान नहीं हुआ है और मुख्यमंत्री झूठ बोल रहे हैं।**

**दूसरी ओर विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि सदन में क्या होगा, इसका फैसला सदन के अंदर ही होगा। उन्होंने कहा कि वे विपक्ष के आरोपों का जवाब देने के लिए बाध्य नहीं है। विधानसभा अध्यक्ष ने बताया कि सदस्यों को सदन की परंपरा के बारे में बताया गया था कि सत्र की शुरूआत राष्ट्र गान और समापन राष्ट्र गीत से होता है, लेकिन विपक्ष और सत्ता पक्ष के बीच गतिरोध नहीं रूका। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष को वक्तव्य रखने का मौका दिया गया और इसके बाद मुख्यमंत्री ने जवाब शुरू किया, लेकिन विपक्ष ने पूरा जवाब नहीं सुना और नारेबाजी करते रहे।**

**बाद में विधानसभा अध्यक्ष ने राष्ट्रीय गान और राष्ट्रीय गीत को लेकर सत्ता पक्ष व विपक्ष के बीच जारी गतिरोध के चलते सदन की कार्यवाही को सोमवार दोपहर 2 बजे तक स्थगित कर दिया।**
**रितेश कपूर आकाशवाणी समाचार शिमला।**

## मुख्यमंत्री

इस बीच मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने आरोप लगाते हुए कहा कि विपक्ष सदन को राजनीतिक अखाड़ा बनाना चाहता है। उन्होंने कहा कि विपक्ष सदन की कार्यवाही को चलने नहीं देना चाहता और विपक्ष के पास सरकार के खिलाफ़ कोई मुद्दे नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा ने राष्ट्रीय गान का अपमान किया है जो बेहद निंदनीय है। भाजपा के विधायक असल मुद्दों से जनता का ध्यान बांटना चाहते हैं इसलिए वंदे मातरम को बेवजह मुद्दा बनाया जा रहा है जबकि कांग्रेस वंदे मातरम का सम्मान करती है।

## प्रश्नकाल

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि जलशक्ति विभाग में जल्द ही मल्टी टास्क वर्कर के 4 हज़ार पद भरे जाएंगे। शिमला में चल रहे प्रदेश विधानसभा के मॉनसून सत्र में आज प्रश्नकाल के दौरान विधायक भुवनेश्वर गौड़ के एक सवाल के जवाब में उन्होंने ये जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मल्टी टास्क वर्कर्ज़ की भर्ती पूर्व सरकार के समय बनाई गई नीति के आधार पर जारी है। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बताया कि लोक निर्माण व जलशक्ति विभाग और राज्य बिजली बोर्ड में खाली पड़े क्रियाशील पदों को भी चरणबद्ध तरीके से भरा जाएगा। उन्होंने बताया कि बिजली बोर्ड में भी खाली पदों के अनुरूप बिजली मित्रों की भर्ती की जाएगी। इसके लिए संबंधित क्षेत्र के अधिशासी अभियंता को अधिकृत किया गया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि बिजली मित्रों की भर्ती में स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। बेलदार के पदों को लेकर मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि इन्हें पूर्व सरकार के समय ही समाप्त कर दिया गया है और इनके स्थान पर मल्टी टास्क वर्कर की नीति बनी है। विधायक मोहन लाल ब्राक्टा के सवाल के जवाब में उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने बताया कि प्रदेश को जलजीवन मिशन के तहत केंद्र से एक हज़ार 2 सौ 27 करोड़ रूपये अब तक प्राप्त नहीं हुए हैं, जिससे एक हज़ार 81 करोड़ रूपये की योजनाएं अधूरी पड़ी हैं। उन्होंने कहा कि आगामी एक और दो सितंबर को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ जलजीवन मिशन को लेकर एक बैठक होगी, जिसमें राज्य सरकार लंबित राशि के शीघ्र भुगतान का मामला उठाएगी। राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने विधायक विपिन सिंह परमार के सवाल के लिखिल जवाब में बताया कि प्रदेश में इस वर्ष भारी वर्षा व प्राकृतिक आपदाओं से व्यापक नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि एक अगस्त 2026 तक प्रदेश में एक हज़ार 8 सौ 71 प्रभावित परिवारों को राहत राशि वितरित की जा चुकी है, जबकि एक हज़ार 2 सौ 60 प्रभावित परिवारों को अब तक मुआवजा नहीं मिल पाया है। राजस्व मंत्री ने बताया कि लंबित मामलों में अधिकांश प्रभावित परिवारों ने राहत के लिए आर.एम.एस. पोर्टल पर आवेदन नहीं किया है। उन्होंने कहा कि ज़रूरी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद पात्र परिवारों को नियमानुसार राहत राशि प्रदान की जाएगी। जगत सिंह नेगी ने कहा कि वर्तमान वित्त वर्ष में एक अगस्त तक आपदा राहत के लिए केंद्र सरकार से 8 सौ 2 करोड़ 56 लाख रूपये प्राप्त हुए हैं।

## इलेक्ट्रिक बसें

हिमाचल पथ परिवहन निगम के धर्मशाला डिपो में संचालित 5 नई इलेक्ट्रिक बसें निगम के लिए बेहतर प्रदर्शन और आर्थिक बचत का ज़रिया बन रही हैं। एच.आर.टी.सी. धर्मशाला के डिविज़नल मैनेजर पंकज चड्डा ने बताया कि इलेक्ट्रिक बसों के संचालन से निगम को ईंधन खर्च में बचत हो रही है और इन बसों में प्रदूषण व शोर कम होने से यात्रियों को आरामदायक सफर की सुविधा मिल रही है। उन्होंने बताया कि बेहतर रूट प्लानिंग और अपॉर्चुनिटी चार्जिंग के चलते बसों का औसत दैनिक संचालन 2 सौ 17 किलोमीटर तक पहुंच गया है।

## मौसम

प्रदेश के अधिकांश भागों में आज बादल छाए रहे। हालांकि राज्य के कई स्थानों में रूक–रूक कर बारिश का क्रम जारी है। प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर भारी वर्षा के चलते हुए भूस्खलन के कारण 98 सड़क मार्ग अवरूद्ध हैं। इसके अलावा 89 बिजली ट्रांसफार्मर और 42 पेयजल योजनाएं भी प्रभावित हैं। हालांकि संबंधित विभागों द्वारा इन सुविधाओं को बहाल करने का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। इस बीच मौसम विभाग ने आज बिलासपुर, चंबा, कांगड़ा, मंडी, सोलन और सिरमौर ज़िलों में कुछ स्थानों पर भारी वर्षा का यलो अलर्ट जारी किया है। विभाग ने कल 23 अगस्त को प्रदेश में मौसम साफ रहने का पूर्वानुमान जताया है।

## मुख्य समाचार एक बार फिर

- विधानसभा के मॉनसून सत्र का दूसरा दिन भी रहा हंगामेदार– राष्ट्रीय गीत और राष्ट्र गान को लेकर सत्ता पक्ष व विपक्ष ने लगाए आरोप।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा– जलशक्ति विभाग में जल्द भरे जाएंगे मल्टी टास्क वर्कर्ज़ के 4 हज़ार पद।
- प्रदेश में प्राकृतिक आपदा से प्रभावित एक हज़ार 8 सौ 71 परिवारों को मिली राहत राशि– एक हज़ार 2 सौ 60 परिवारों को अभी तक नहीं मिला मुआवजा।

- राज्य पथ परिवहन निगम के धर्मशाला डिपो में संचालित इलेक्ट्रिक बसें बनीं बेहतर प्रदर्शन और आर्थिक बचत का ज़रिया।
- प्रदेश के 6 ज़िलों में आज कुछ स्थानों पर भारी वर्षा का यलो अलर्ट– कल मौसम के साफ रहने की संभावना।

........................................................................................................................................